# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

## ट्रांसपोर्ट नगर विश्वविद्यालय मार्ग, हल्द्वानी–263139 (नैनीताल)

## दूरभाष संख्या–05946–286000

### विश्वविद्यालय की निष्प्रयोज्य उत्तरपुस्तिकाओं की नीलामी हेतु निविदा

निविदा प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि– 28.10.2021 अपरान्ह 02.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि– 29.10.2021 अपरान्ह 03.00 बजे

विश्वविद्यालय की जून 2020 वार्षिक एंव सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं,सत्रीय कार्य,लघु शोध,परियोजना कार्य तथा प्रवेश आवेदन से सम्बन्धित सामग्री (निष्प्रयोज्य घोषित) को निष्प्रयोज सामग्री क्रय करने वाली फर्मो जो कि निविदा प्रपत्र में दी गयी शर्तो को पूर्ण करते हो से सीलबंद दरे आमंत्रित की जाती है। नीलामी से सम्बन्धित शर्ते एंव प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uou.ac.in पर उपलब्ध है।

कुलसचिव

## शर्तें एवं प्रतिबन्ध

01 निविदा के बन्द लिफाफे कुलसचिव,उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के कार्यालय में दिनांक 28.10.21 को सायः 02.00 बजे तक स्वीकार किये जायेगें। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाली निविदा को स्वीकार नही किया जायेगा। लिफाफे के ऊपर "**निष्प्रयोज्य उत्तरपुस्तिकाओं के क्रय हेतु निविदा**" स्पष्ट रूप में लिखा होना चाहिये।

02 निर्धारित तिथि एंव समय पर प्राप्त निविदा के बन्द लिफाफे को दिनांक 29.10.21 को 3.00 बजे अपरान्ह में वि0वि0 के सभागार में वि0वि0 द्वारा गठित समिति एंव फर्मो के प्रतिनिधियों के सम्मुख खोला जायेगा।

03 निविदा केवल पंजीकृत पोस्ट के माध्यम से स्वीकार की जायेंगी।

04 दरें टू–बिड सिस्टम (Two-bid system)से प्रेषित करनी होंगी । लिफाफा संख्या (1) में तकनीकी बिड (अर्थात प्रपत्र संख्या01 पर दिए गए प्रारूप) तथा लिफाफा संख्या (2)में वित्तीय–बिड होगी। जिन प्रस्तावकों की टैक्निकल बिड अर्ह पायी जायेगी. उन्हीं की वित्तीय बिड खोली जायेगी। दोनों लिफाफे एक बड़े लिफाफे में रखे जायेंगे जिस पर स्पष्ट रूप से "**निष्प्रयोज्य उत्तरपुस्तिकाओं के क्रय हेतु निविदा**"तथा निविदादाता फर्म का नाम अंकित होना अनिवार्य हैं । जिसे लाख से सीलबन्द लिफापों में प्रेषित किया जाना अनिर्वाय होगा।

05 किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

06 निविदा के साथ फर्म की जी0एस0टी0 पंजीयन की प्रति,पैन कार्ड इत्यादि की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॅा आवश्यक रूप से संलग्न होनी चाहिये।

07 निविदाकर्ता फर्म को उक्त सामग्री को विक्रय किये जाने वाली कम्पनी अथवा फैक्ट्ररी का सहमति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

08 निविदा में दिया गया उत्तरपुस्तिकाओं का भार अनुमानित है अतः उसके कम अथवा अधिक होने की संभावना है।

09 किसी भी कर की अदायगी क्रेता द्वारा की जायेगी।

10 निविदा में सबसे अधिक दरों वाली फर्म अथवा क्रेता को ही निष्प्रयोज्य उत्तरपुस्तिकाये विक्रय की जायेगी।

11 सफल क्रेता को अनुमानित उत्तरपुस्तिकाओं के भार का 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान 24 घंटे में करना होगा ।

12 अग्रिम भुगतान किये जाने की स्थिति में ही विक्रय की गयी उत्तरपुस्तिकाओं को विश्वविद्यालय से बाहर ले जाने दिया जायेगा ।

13 सफल क्रेता को 07 कार्यदिवसों में सम्बन्धित सामग्री वि0वि0 से उठानी होगी।

14 सामग्री का भार धर्मकॉटे में किया जायेगा जिसमें वि0वि0 के अधिकृत प्रतिनिधि मौजूद रहेंगें।

15 निविदा स्वीकार किये जाने के उपरान्त दरों में किसी प्रकार का संशोधन(कटौती / बढोत्तरी)नहीं किया जायेगा।

16 निविदादाता को किसी भी विश्वविद्यालय अथवा सरकारी संस्थान में उक्त सम्बन्धित अर्थात उत्तरपुस्तिकाओं,सत्रीय कार्य,लघु शोध,परियोजना कार्य तथा प्रवेश आवेदन से सम्बन्धित सामग्री

का क्रय करने सम्बन्धित कार्य का विगत 03 वर्षो का अनुभव होना आवश्यक है। जिसका प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

17 निष्प्रयोज्य उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्य न्यूनतम 18 रू0 प्रति कि0ग्रा0 है अतः इससे कम दर पर विचार नही जायेगा।

18 सफल क्रेता को 100 रू0 के स्टांम्प पेपर पर यह वचन देना होगा कि वह उक्त सामग्री का विक्रय खुले बाजार में नही करेगा तथा सामग्री को ऐसे कारखाने अथवा मिल में भेजेगा जहॉ पर उक्त सामग्री रि–साईकल हो सके ।

19 निविदा के माध्यम से इस प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु 2360.00 रू0 मात्र (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 के साथ ) का निविदा शुल्क जमा करना होगा जो कि किसी भी दशा में वापस नही होगा ।

20 किसी भी प्रकार के परिवर्तन हेतु कुलसचिव अथवा उनके नामित व्यक्ति का निर्णय अंतिम माना जायेगा।

21 नीलामी के सामग्री में वर्ष 2020 जून की परीक्षाअओं की उत्तरपुस्ताकाऐं सामग्री है जिसमें समस्त सामग्री को क्रय किया जाना आवश्यक है।

22 निविदा प्रपत्र के साथ रू0 25000.00 मात्र की धरोहर धनराशी डिमांड ड्राफ्ट संलग्न किया जाना आवश्यक है।

23 सफल निविदादाता की दरें को 01 वर्ष अथवा अधिकतम 03 वर्षो हेतु अनुमन्य किया जा सकता है।

24 निविदा के माध्यम से सफल क्रेता अर्थात उच्चतम दर वाली फर्म द्वारा सामग्री क्रय ना करने की स्थिति में सम्बन्धित फर्म की सुरक्षा धनराशी जब्त कर दी जायेगी एंव वित्तीय उच्चतम (H2) दर वाली फर्म को (H1) पर सहमति की दशा में सामग्री क्रय करने की अनुमति दी जायेगी।

25 विश्वविद्यालय से समस्त सामग्री उठाने के उपंरात कारखाने से प्रदत **PULPING** का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

26 प्रकरण पर किसी भी प्रकार के विवाद के लिए न्यायिक क्षेत्र हल्द्वानी होगा।

कुलसचिव

प्रपत्र संख्या–01

तकनीकी बिड

विश्वविद्यालय की निष्प्रयोज्य उत्तरपुस्तिकाओं के क्रय की प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु आवश्यक विवरणः–

फर्म अथवा क्रेता का नाम.............................................................................

फर्म का पत्राचार हेतु पता...........................................................................
(पते की पुष्टी हेतु प्रमाण पत्र संलग्न करें) .............................................................................
...........................................................................

फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र.........................................................................

फर्म का पेन कार्ड न0.............................................................................(पैन कार्ड की प्रति संलग्न करें)

फर्म का जी0एस0टी0न0............................................(जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

फर्म का अनुभव प्रमाण पत्र.........................................................................(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

कम्पनी / फैक्ट्ररी का प्रमाण पत्र.........................................................................(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
(सम्बन्धित साम्रगी को क्रय किये जाने का सहमति पत्र)

मोबाईल न0...........................................................................................

निलामी में प्रतिभाग किये जाने हेतु शुल्क का विवरण............................

फर्म स्वामी का नाम.............................

हस्ताक्षर.........................................

मोहर.............................................

प्रपत्र संख्या–02

## वित्तीय बिड

कृपया निम्न तालिका के अनुसार दरें प्रस्तुत करें।

| क्रम संख्या | निष्प्रयोज्य सामग्री का नाम | अनुमानित भार | सामग्री हेतु वि0वि0 द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य प्रति कि0ग्रा0 | दर प्रति कि0ग्रा0 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंको में | शब्दों में |
| 01 | उत्तरपुस्तिकायें | 03 टन | 18 रू0 | | |

फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर एंव मोहर

दिनांक...........................

